Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 12-03-2007

Participants : Murmu Shri Hemlal

Title: Need to give compensation to the tribal women, who suffered from police excesses in Jharkhand -Laid.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : महोदय, झारखंड राज्य के सुन्दर पहाड़ी थाना में तीन आदिवासी महिलाओं को हत्या के जुर्म में गिरफ्तार कर पुलिस कस्टडी में पुलिस द्वारा अनाचार एवं अत्याचार की घटनाएं हुई। आमजनों के भारी विरोध, इलैक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से मामला प्रकाश में आया तो दोाी दारोगा एवं पुलिस कर्मियों को जेल भेजा गया। परन्तु आदिवासी अत्याचार निरोधक कानून के अंतर्गत संबंधित आरक्षी अधीक्षक द्वारा अनुशंसा नहीं भेजने एवं आवश्यक कार्रवाई नहीं करने के कारण उक्त पीड़ित गरीब आदिवासी महिलाओं को मुआवजा नहीं मिला है। पीड़ित महिला अत्यंत गरीब एवं दीनहीन स्थिति में है।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि पीड़ित आदिवासी महिलाओं को मुआवजा तथा आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु उचित कार्र वाई करते हुए उक्त महिलाओं को तत्काल प्रभाव से न्याय प्रदान कराने की व्यवस्था की जाये।